हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 19 जनवरी 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 24, अंक 17, 22 पेज

महापौर ने कहा- नगर निगम ने जगह-जगह डस्टबिन रखवा दिए हैं, इस व्यवस्था को बनाए रखना अब शहरवासियों की जिम्मेदारी

स्वच्छता में सहयोग करें, लखनऊ बनेगा अव्वल

स्वच्छता सर्वेक्षण

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

शहर में सफाई व्यवस्था पर हो रहे काम का असर दिखने लगा है। सड़कें साफ-सुथरी दिख रही हैं। धूल नहीं उड़ रही है। नगर निगम ने जगह-जगह डस्टबिन रखवा दिए हैं। इस व्यवस्था को बनाए रखने में अब शहरवासियों की जिम्मेदारी है। सहयोग से न सिर्फ अपना शहर साफ-सुथरा दिखेगा बल्कि स्वछता सर्वेक्षण की रैंकिंग में अव्वल स्थान भी मिलेगा।

मशीनों से सफाई का दिख रहा असर: नगर निगम ने सड़क पर झाड़ू लगाने के बजाए मशीनों से सफाई व्यवस्था शुरू कराई है। इससे धूल उड़ने की समस्या का समाधान हो गया है। नगर निगम की चार मशीनें हर रात 60 से 70 किलोमीटर सफाई कर रही हैं। बड़े कूड़े उठाने के लिए मशीनों के साथ अलग से वाहन व सफाई कर्मी भी तैनात हैं। सफाई के साथ सड़कों, डिवाइडर व रेलिंग की धुलाई भी हो रही है। 53 किलोमीटर की सफाई व्यवस्था निजी एजेंसी को दिया गया है। उसने दो मशीनों को दो रूटों पर लगाया है। अत्याधुनिक मशीनें धूल समेटने के साथ पानी का छिड़काव भी कर रही हैं।

हजरतगंज चौराहे पर स्पेशल बच्चों के साथ मेयर संयुक्ता भाटिया ने स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। • हिन्दुस्तान

जनता का सहयोग जरूरी

राजीव गांधी द्वितीय वार्ड को शहर में पहला व प्रदेश में तीसरे स्थान पर लाने में लोगों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। उनसे अपने घर के सामने साफ-सफाई करने व दूसरों के घर के सामने कूड़ा न डालने की अपील की गई। शहर के सभी वार्डों के लोगों को यह प्रयास करना होगा। तभी अपना शहर देश का सबसे स्वच्छ शहर बन सकेगा।

डॉ. भरत राज सिंह, वैज्ञानिक व राजीव गांधी वार्ड द्वितीय की स्वच्छता समिति के अध्यक्ष

स्वच्छता एप पर फीडबैक दें

स्वच्छता का सर्वेक्षण शुरू हो गया है। जनता के फीडबैक का बड़ा महत्व है। लोग अपने मोबाइल में स्वच्छता एप डाउनलोड कर उसमें पूछे जाने वाले वाले सात सवालों का जवाब जरूर दें। साथ ही एप के माध्यम से शिकायत भी दर्ज कराएं। शहर को स्वच्छ रखने में हम सब की जिम्मेदारी है। जगह-जगह डस्टबिन रखवा दी गई है। कूड़ा सड़क पर फेंकने के बजाए लोग उसमें कूड़ा डाले।

संयुक्ता भाटिया, महापौर

दिव्यांग बच्चों ने की स्वच्छ लखनऊ की अपील

लखनऊ। शहर को स्वच्छ रखने के लिए दिव्यांग बच्चों ने शुक्रवार को हजरगंज चौराहे पर रैली निकाली। गुलाब बांट कर लोगों से स्वच्छ लखनऊ की अपील की। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की ओर से शुक्रवार को हजरतगंज चौराहे पर स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए दिव्यांग बच्चों के साथ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बच्चों ने स्वच्छता के नारे लिखी तख्ती लेकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। स्वच्छता के नारे लगाए। स्वच्छता में भागीदारी के लिए गुलाब का फूल दिया। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के संयोजक सुनील कुमार मिश्र ने कहा कि जनता के सहयोग के बिना शहर को स्वच्छ नहीं बनाया जा सका। लोगों को अपने व्यवहार में परिवर्तन करना होगा। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया, नगर आयुक्त डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, स्वच्छता के ब्राण्ड अम्बेसडर डॉ. वैभव खन्ना, समिति के जोन प्रभारी राहुल सोनकर, सुनील शंखधर, सत्येंद्र सिंह, नीता खन्ना, शुचित सेठ, संजीव पाण्डे आदि मौजूद रहे।